PRINCE POLO
Mob:8422984733

Carpenter's monthly newspaper

कारपेंटर्स न्यूज़

www.carpentersnews.com

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | जनवरी 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 02 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

कारपेंटरी कार्य पर हमें गर्व है : नरसी कुलरिया... पेज - 7

Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

GLORIOUS RANGE OF
PREMIUM HARDWARE
PRODUCTS

26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY

PROUDLY MADE IN INDIA

S.S & Drywall Screws
Cabinet Hinges
Telescopic Channel
Butterfly Hinges
Rose Gold & PVD
Padlocks
Mortise Handles
Godown Locks

Explore the Virtual World of Suzu Steel India
Visit www.suzusteel.com
Visit www.suzu.in

Call or Whatsapp:
+91-9811242777, +91-9911118272

Follow us on social media:

Padlocks | Butt Hinges | Aldrops | Screws | Door And Window Fittings | Cabinet Hinges | Door Closers | Mortise Handles | MPL Locks | Shutter Locks | Godown Locks | Main Door Locks

Head Office : 110 I.D.C. Hissar Road, Rohtak - 124001 Haryana (INDIA)
Corporate Office : 209-B, 2nd Floor Crown Heights, Near Rithala Metro Station, Rohini Sector 10, New Delhi - 110085 (INDIA)
Explore Suzu Virtual World www.suzusteel.com www.suzu.in
CUSTOMER HELPLINE TOLL FREE NUMBER 1800 12000 4005
Time : 10 AM To 7 PM (Monday - Saturday)
MAKE IN INDIA

वुड कार्विंग विरासत को संवार रहे हैं त्रिलोकचंद मांडण

कला का अपना सौंदर्य है। कागज पर आर्ट वर्क, चित्रकारी, दीवार पेंटिंग आदि विभिन्न प्रकार के आर्ट वर्क होते हैं। नृत्य, गायन और अभिनय भी कला के अंतर्गत आते हैं। अगर हम पृथ्वी पर पहले कला की बात करें तो वह लकड़ी है। इंसान जबसे समूहों में रहना शुरू किया तबसे लकड़ी का उपयोग घर बनाने से लेकर कई जरूरतों में किया जाने लगा। भारत हस्तशिल्प का सर्वोत्कृष्ट केन्द्र माना जाता है। यहां दैनिक जीवन की सामान्य वस्तुएं भी कोमल कलात्मक रूप में गढ़ी जाती हैं। कश्मीर में अखरोट की लकड़ी पर दस्तकारी हो या सहारनपुर में लकड़ी पर नक्काशी, शिल्पकार अपने जादुई स्पर्श से बेजान लकड़ी को कलाकृति में बदलकर भारतीय हस्तशिल्प को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अतुलनीय पहचान दिलाते हैं।

वुड कार्विंग डिजाइन के क्षेत्र में काष्ठ मूर्तिकार त्रिलोक मांडण ऐसे आर्टिस्ट हैं, जो काष्ठ कला का अनूठा, अद्भुत और अद्वितीय कार्य करते हैं। इनकी कलाकृतियां अपने आप में अनुपम उदाहरण है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले नोहर तहसील के ढण्ढ़ेला गांव के गणपत राम के परिवार में 1 जनवरी 1968 त्रिलोकचंद मांडण का जन्म हुआ। कृषि कार्य परिवार में पूर्वजों के समय से होता आ रहा है, लिहाजा मिडिल तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद और खेती कार्य करते हुए बाद में काष्ठ शिल्प में लग गए। मांडण ने 1986 में पारंपरिक लकड़ी फर्नीचर का काम शुरू किया। काष्ठ कला की कृतियां बनाने लगे। उन्होंने अपनी अंतःप्रेरणा से 1997 में प्रथम कृति भगवान गणेश की बनाई और तब से यह सफर निर्वाध जारी है। इनको कलाकार पेंटर एस. कुमार से मार्गदर्शन मिला। इन्होंने करीब 200 मौलिक कृतियों का निर्माण किया।

इनकी कलाकृतियों में लकड़ी की मूर्तियां जिसमें देवी देवताओं से लेकर संतों, क्रांतिकारियों, महापुरुषों, नेताओं के अलावा हर किसी व्यक्ति की प्रतिमा बनाने में सक्षम है। इसके अलावा राजस्थानी सभ्यता और संस्कृति से जुड़े अनेक प्रतिमान और प्रतीक, अशोक स्तंभ, लोगों व रोजमर्रा के कार्य में आने वाले बर्तन, गहने व अन्य कलाकृतियां तैयार करते है। मूर्तियों के साथ साथ लकड़ी के फ्रेम, चित्रकारी, बर्तन, गहने, वाद्य यंत्र, चारपाई, चौकी और दैनिक जीवन में काम में आने वाली अनेक कलाकृतियों का निर्माण किया। इनके द्वारा कलाकृतियां बिना किसी मशीन के हाथ के औजारों से खुदाई कर बनाई जाती हैं। त्रिलोक मांडण साधारण लकड़ी शीशम आदि से कलाकृतियां बनाते हैं। जो केवल हाथ के औजार से तैयार करते है। बिना किसी जोड़ के तैयार इनकी कलाकृतियां बेजोड़ होती है। देशभर में इस तरह के कलाकार नाम मात्र है। इनकी कलाकृतियों में जीवतंता व भाव भंगिमा पाई जाती है।

कलाकृति

आर्टिस्ट त्रिलोकचंद मांडण के अनुसार ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से वर्ष 2020 के अंक में रजिस्टर्ड की गई, यह कलाकृति एक साधारण लकड़ी (शीशम) से तैयार किया गया हल है। जिसकी लंबाई 3 मिलीमीटर है। इससे पूर्व सबसे छोटा लकड़ी का हल 5 मिलीमीटर में किसी और आर्टिस्ट ने तैयार किया था। कलाकार के अनुसार यह पुस्तक वैश्विक रिकॉर्ड दर्ज होने पर प्रमाण पत्र जारी करती है। त्रिलोकचंद दो वैश्विक रिकॉर्ड पहले भी बना चुके हैं। इससे पूर्व आर्टिस्ट त्रिलोकचंद 6 एम.एम. की हाथ की चक्की (फ्लोर मिल) व 5 एम. एम. अंगूठी (रिंग) तैयार कर वैश्विक रिकॉर्ड बना चुके है। यूनिक रिकॉर्ड कृतियां इनकी तीन यूनिक रिकॉर्ड कृतियां विशेष रूप से अपनी और शिल्पकार की पहचान बनाती है। इनमें 6 मिली. की आटा चक्की, 4 मिली. की अंगूठी और 3 मिली. का सूक्ष्म हल कृतियां शामिल है। इन कृतियों ने विश्व रिकॉर्ड कायम किए अनूठे और अद्भुत शिल्पकार को द आइडियल इंडियन बुक ऑफ रिकाड्र्स द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड -2022 से सम्मानित किया गया। देश भर की प्रतिष्ठित संस्थानों से करीब डेढ़ दर्जन और एक सौ से अधिक संस्थाओं द्वारा इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। सरकार की ओर से भी राज्य, जिला और तहसील स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है। मांडण अत्यंत सरल और मृदु व्यवहार के शिल्पी हैं और समय मिलने पर धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करते हैं।

वरिष्ठ काष्ठ कलाकार डॉ. त्रिलोकचंद सुथार सम्मानित

जयपुर। प्रेस क्लब ऑडिटोरियम में नेशनल यूथ-डे पर 10 जनवरी को पिंक सिटी प्रेस क्लब सभागार में नेशनल यूथ एक्सीलेंस अवार्ड समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह प्रेस क्लब जयपुर व मारुति शिक्षा समिति लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। त्रिलोकचंद मांडण को काष्ठ कला क्षेत्र व समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए सम्मानित किया गया।



त्रिलोकचंद ने लकड़ी पर उकेरी जादूगर की स्मृति



काष्ठशिल्प त्रिलोकचंद मांडण के लिए 28 दिसंबर 2022 का दिन खुशियां लेकर आया, जब उन्होंने सागवान की लकड़ी से बनाई स्व. लक्ष्मण सिंह गहलोत की स्मृति छवि की काष्ठ शिल्प कृति उनके पुत्र मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उनके निवास जयपुर में भेंट की। मुख्यमंत्री शिल्प कार्य से काफी प्रभावित हुए और उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। मांडण ने बताया कि यह कृति सागवान की लकड़ी से बनाई गई। इसमें किसी तरह का एडहेसिव या केमिकल का उपयोग नहीं किया गया। इसे बनाने में 40 दिन का समय लगा। विशेषता यह है कि यह एक फोल्डिंग कृति है जिसे खोल कर बैग में रखा जा सकता है। त्रिलोकचंद शिल्पी ऐसे हैं जो अपनी शिल्प कृतियों का विक्रय नहीं करते बल्कि इनका संग्रह करते हैं। अब तक बनाई गई करीब एक हजार शिल्प कृतियों का अच्छा खासा संग्रहालय इनके घर पर दर्शनीय है। पिछले 30 वर्षो से ये काष्ठ पर विभिन्न प्रकार की शिल्पकृति बनाते आ रहे हैं।

– गंगाराम विश्वकर्मा

कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com
हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | जनवरी 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 02 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं समेत सभी
शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
– संपादक

Godrej | LOCKS & ARCHITECTURAL FITTINGS AND SYSTEMS

FOR A SAFER, SMARTER LIVING EXPERIENCE.

प्रस्तुत है

गोदरेज का नया ड्रॉअर चैनल

बेहतरीन इंजीनियरिंग अब बेहतरीन मज़बूती के साथ

वॉर्डरोब्स के लिए नया ड्रॉअर चैनल बिल्कुल उपयुक्त है.

Godrej Visheshलाभ Club

SPECIAL OFFERS FOR GVLC MEMBERS

- इसे BIFMA स्टैंडर्ड्स के अनुसार 50,000 लाइफ़ साइकल्स के साथ टेस्ट किया गया है.
- ये मेटल की C.R.C.A. शीट से बना है इसलिए ज़्यादा टिकाऊ है.
- पूरी लंबाई तक खुलने के बाद भी ड्रॉअर नहीं गिरे उसके लिए इसमें पॉज़िटिव स्टॉप की सुविधा दी गयी है.

+91 8291841897 | www.godrej.com | GodrejLocks | GodrejLocksS

एफएफएससी की बैठक में कारपेंटरों को प्रशिक्षण देने पर जोर

मुंबई। फर्नीचर इंडस्ट्रीज को विकास की नई गति देने के लिए फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल की ओर से नवी मुंबई स्थित नरसी एंड एसोसिएट्स में इंडस्ट्री मीट आयोजित की गई। बैठक में फर्नीचर इंडस्ट्रीज की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में फर्नीचर इंडस्ट्रीज की विभिन्न समस्याओं पर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। फर्नीचर निर्माण में कच्चे माल की उपलब्धता, मशीनरी, डिजाइनिंग के साथ स्किल कारपेंटर पर भी चर्चा की गई।

Skill India

वक्ताओं ने कहा कि फर्नीचर इंडस्ट्रीज में प्रशिक्षित कारपेंटरों की भारी कमी है। फर्नीचर इंडस्ट्रीज को विकास की गति देने के लिए युवाओं को कारपेंटरी का प्रशिक्षण देने का कार्य व्यापक स्तर पर शुरू किया जाना चाहिए।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के चेयरमैन नरसी कुलरिया ने कहा कि भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री को विदेशी फर्नीचर इंडस्ट्रीज से प्रतिस्पर्धा के लिए सबसे पहले अपनी बेस मजबूत करने होंगे। हमें कारपेंटरी, मॉड्यूलर फर्नीचर फिटिंग के साथ वुडवर्किंग कौशल का प्रशिक्षण देने का काम शुरू करना होगा। उन्होंने कहा कि पारंपरिक तौर पर जो लोग पहले से ही कारपेंटरी का काम कर रहे हैं, उनके बच्चे अब ग्रेजुएशन के बाद दूसरे जॉब करना चाहते हैं। नरसी कुलरिया ने कहा कि हमें युवाओं में विश्वास जगाना होगा कि कारपेंटरी रोजगारपरक स्किल है।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल कौंसिल के सह चेयरमैन राजेश मित्तल ने इस अवसर कहा कि एफएफएससी एक 'कौशल जागरूक नियोक्ता' कार्यक्रम के माध्यम से मौजूदा कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाने में मदद करेगा। फर्नीचर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से नए उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का भी काम किया जाएगा। फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल कौंसिल के सीईओ राहुल मेहता ने एफएफएससी के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए इंडियन फर्नीचर इंडस्ट्रीज के वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक में 'वन नेशन, वन इंडस्ट्री' अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के माध्यम से एफएफएससी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग भागीदारों के बीच जागरूकता पैदा करना, इसके उद्देश्यों को रीजनल स्किल चैप्टर्स के साथ स्किल इकोसिस्टम विकसित करना है। एफएफएससी प्रत्येक क्षेत्र से संपर्क कर रहा है और एक साथ ला रहा है। उद्योग, भागीदार, कौशल भागीदार और शिक्षार्थी क्षेत्रीय कौशल अध्यायों का हिस्सा होंगे।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल कौंसिल की इस बैठक में इंटीरियर्स, फर्नीचर निर्माण क्षेत्र से 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। जिसमें नरसी एंड एसोसिएट्स, ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज, होमाग इंडिया, नीलकमल लिमिटेड, फेल्डर ग्रुप, पिडिलाइट वन, श्रीपाल, रॉयल डेकॉर हब, केपल, इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडियन इंटीरियर डिज़ाइनर, कैनेडियन वुड आदि ने भाग लिया।

दरवाजा लॉक होने से डेढ़ साल का बच्चा घर में फंसा

ठाणे। ठाणे शहर में बारहवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट का दरवाजा एकाएक बंद हो गया। जिस कारण घर में डेढ़ साल का बच्चा फंस गया। इस बात की जानकारी मिलते ही तत्काल आपत्ति व्यवस्थापन विभाग और दमकल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उसके पहले ही सीढ़ियों की मदद से स्थानीय नागरिकों ने अंदर से बंद दरवाजे खोल दिए। बताया जाता है कि घर के सभी लोग फ्लैट से बाहर निकले, लेकिन बच्चा घर के अंदर ही रह गया और दरवाजा एकाएक बंद हो गया।

कारपेंटर्स न्यूज़
OZONE

निखिल एडहेसिव लि. (महाकोल) के डायरेक्टर निखिल सांघवी कारपेंटर्स न्यूज़ के 18 वें वर्ष प्रवेशांक का अवलोकन करते हुए।

कारपेंटरी कार्य पर हमें गर्व है : नरसी कुलरिया

मुंबई। इंटीरियर और समाजसेवा के स्तंभ नरसी समूह के सीएमडी व फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के चेयरमैन नरसी कुलरिया ने कहा कि हमें कारपेंटर शब्द पर गर्व है, इसे कमतर नहीं समझें। नवी मुंबई स्थित नरसी एंड एसोसिएट्स में फर्नीचर कारीगरों के मासिक समाचार पत्र 'कारपेंटर्स न्यूज़' के 18 वें वर्ष प्रवेशांक का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे दादा परदादा ने जो हमें सुथारी का काम सिखा कर गए हैं उसे कोई कमतर नहीं समझे।

नरसी कुलरिया ने कहा कि मुझे इंटीरियर और सुथारी लाइन (कारपेंटरी व्यवसाय) में आने का शुरू से ही शौक था। यह हमारी इंडस्ट्री है, इसकी ओर हम ध्यान नहीं देंगे तो इसे कोई और ले जाएगा। समाज के लोग भले ही किसी भी क्षेत्र में जाएं लेकिन अपने पैतृक व्यवसाय सुथारी को नहीं भूले। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे देश में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपए का फर्नीचर विदेशों से आयात होता है। यह देख कर दुख होता है कि देश में फर्नीचर का पैतृक कारोबार करने वाले कारपेंटरी कार्य में निपुण और नवीन तकनीकों से लैस हम सुथार समाज के लोगों के होते हुए यह स्थिति बनी हुई है।

इस अवसर पर फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के सीईओ राहुल मेहता, नरसी इंटीरियर के डायरेक्टर जगदीश कुलरिया, राधेश्याम विश्वकर्मा आदि ने 'कारपेंटर्स न्यूज़' के सफल प्रकाशन पर अपनी शुभकामनाएं दी।

हेरीटेज फर्नीचर की नीलामी रोकने की मांग

चंडीगढ़। एडवोकेट अजय जग्गा ने राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल से पेरिस में 28 नवंबर को हुई नीलामी को लेकर शिकायत भेजी है। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में शहर के हेरिटेज फर्नीचर की नीलामी रोकने के लिए प्रयास के साथ पेरिस में नीलामी की भी जांच होनी चाहिए। शिकायत की कॉपी फ्रांस की न्यायिक पुलिस अधिकारी को भी भेजी गई है। पेरिस में तीन आइटम 44.95 लाख रुपये में नीलाम हुए थे। शहर के हेरिटेज फर्नीचर के सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्स्थापन की कार्य योजना के लिए फ्रांस के अफसरों की एक टीम पिछले महीने चंडीगढ़ आई थी। इसके बावजूद हेरिटेज फर्नीचर की चोरी नहीं रुक रही है। जग्गा ने बताया कि जिन आइटम की पेरिस में नीलामी हुई है, उनमें डाइनिंग टेबल, डर्टी लिनन बास्केट और ड्रेसिंग टेबल शामिल है। हेरिटेज फर्नीचर को संभालकर न रखने के कारण करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जो भी फर्नीचर की तस्करी में शामिल है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में शहर के करोड़ों के हेरिटेज फर्नीचर यूएसए, यूके, फ्रांस व जर्मनी समेत अन्य देशों में नीलाम हो चुके हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष भी इस मुद्दे को उठाने की मांग की है।

प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर एसआईबी का छापा

हापुड़। गाजियाबाद की जीएसटी विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की टीम ने तीन प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर छापा मार कर करीब डेढ़ करोड़ की कर चोरी पकड़ी है। एसआईबी टीम के डिप्टी कमिश्नर बीके दीपांकर की अगुवाई में करीब 50 सदस्यीय टीम ने ततारपुर स्थित प्लाईवुड फैक्टरियों व इनके फर्म पर एक साथ छापा मारा। डिप्टी कमिश्नर बीके दीपांकर व एडिशनल कमिश्नर गौरव राजपूत ने बताया कि इंडस्ट्री में काफी संख्या में माल बरामद हुआ है, जिनके दस्तावेज दिखाने में फैक्ट्री मालिक असमर्थ रहे।

Mahacol®
The Right Adhesive
महाकोल

WINTER IS HERE

CUTTER M/C + **55** ATOOT BANDHAN POINTS

बेहतरीन कवरेज

वॉटर प्रूफ एडहेसिव

SUPER
HEATFIT
HEATPROOF ADHESIVES
Mahacol
HEATPROOF ADHESIVES
German Technology
Mahacol®
jalveer

हीटफिट

जलवीर

Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years

INDIA'S 1ST
STAINLESS STEEL SHACKLE
Padlocks
•••Series•••

INDIA'S 1ST
S.S HINGES MANUFACTURER
Hinges
•••Series•••

FROM THE DESK OF CEO

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.

Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

Vijay Kumar Dutta
C.E.O.

~ Our Global Associates ~

DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on : Facebook Twitter Instagram Linkedin YouTube Google Play App Store

युवा वर्ग देश और समाज की असली ताकत : रामआसरे विश्वकर्मा

भदोही। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि नौजवान ही देश और समाज की असली ताकत हैं, ये आगे बढ़कर समाज के संगठन को मजबूत करें। ज्ञानपुर स्थित चित्रांकन पैलेस में विश्वकर्मा ब्रिगेड जनपद भदोही द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार को रोकने,समाज को सुरक्षा देने व समाज को जागृत करने के लिये ब्रिगेड के नौजवान आगे आएं। अच्छे आचरण और व्यवहार से संगठन की छवि बेहतर होती है और लोग जुड़ते हैं। ब्रिगेड के नौजवानों को इसका पालन करना होगा।

सम्मेलन में प्रस्तुत सामाजिक राजनैतिक प्रस्ताव पर जोर देते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि इसके एक एक बिंदु का पालन करना और समाज का विश्वास जीतना आपकी जिम्मेदारी है। विश्वकर्मा ने नौजवानों को समाज की सेवा, निष्ठा, ईमानदारी से काम करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज के ऊपर लगातार हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इसे रोकने के लिये ब्रिगेड के नौजवान आगे आएं। समाज के प्रति जो जिम्मेदारी है उसे हमें पूरा करना है। हम समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। विश्वकर्मा ब्रिगेड के नौजवानों को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी। सम्मेलन में मंडल के जनपद से एक हजार से ज्यादा नौजवानों ने भागीदारी निभायी।

सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वकर्मा बिग्रेड के जिला अध्यक्ष डॉ. पवन विश्वकर्मा ने किया। सम्मेलन में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा, विधायक जाहिद बेग, जिलाध्यक्ष लालचंद विश्वकर्मा, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, अभिषेक विश्वकर्मा, हरिशंकर विश्वकर्मा, शीला विश्वकर्मा वाराणसी, नारायण विश्वकर्मा सोनभद्र, रामनिरंजन विश्वकर्मा प्रयागराज, विजय विश्वकर्मा मिर्जापुर, शिवकुमार विश्वकर्मा जौनपुर, बबलू विश्वकर्मा रोहित विश्वकर्मा प्रतापगढ़, अविनाश विश्वकर्मा, डा. बंसराज विश्वकर्मा, ओम नारायण विश्वकर्मा प्रयागराज, आशीष विश्वकर्मा, सूबेदार विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, श्रीराम विश्वकर्मा, धनंजय विश्वकर्मा, अशीष विश्वकर्मा भदोही, हृदयनारायण प्रजापति, सोमनाथ यादव, पन्नालाल यादव, अरुण मौर्या ने भी संबोधित किया।

शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : कर्नल जांगिड़

भोपाल। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा भोपाल के तत्वाधान में नववर्ष मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में किया गया।

मुख्य अतिथि कर्नल ओम प्रकाश जांगिड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता होगी तो समाज स्वतः ही आगे बढ़ता रहेगा। विशेष अतिथि पूर्व राष्ट्रीय प्रधान कैलाश शर्मा बरनेला ने अपने संबोधन में विशेषकर बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा बरनेला ने कहा कि प्रतिभाओं का समय समय पर सम्मान जरूरी है। उन्होंने समाज के विकास के लिए लोगों को एकजुट होने का आव्हान किया और राजनीति में भागीदारी पर विशेष बल देने की बात कही। राष्ट्रीय उपप्रधान कैलाश शर्मा ने छात्र-छात्राओं से आव्हान किया कि वे हमेशा की तरह पढ़ाई करते रहें और उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश व समाज का नाम रोशन करें। राष्ट्रीय उपप्रधान सुभाष शर्मा ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय समय पर करते रहने से समाज में जागरूकता आती है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होती, आवश्यकता है तो उन्हें तराशकर निखारने की। राष्ट्रीय महिला प्रचार मंत्री लता शर्मा ने बताया कि ऐसे सामाजिक आयोजन न केवल समाज के लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि प्रतिभाओं को एक मंच भी प्रदान करते हैं। विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के राष्ट्रीय संचालक वी के विश्वकर्मा ने मंच का संचालन किया। जिला सभा अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया और सचिव कृष्ण रंजन शर्मा ने आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरीश जांगिड़, ओम प्रकाश शर्मा, मोटाराम सुतार, वंदना, शीतल आदि ने सुंदर संगीत की प्रस्तुति दी। प्रतिभा सम्मान समारोह कैलाशचंद्र शर्मा, सुभाष जांगिड़, पुखराज शर्मा, प्रदीप शर्मा, दीपक शर्मा, हेमंत शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह का विधिवत शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित व आरती से शुभारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिप्राप्त मनीषियों, प्रतिभावान महिलाओं, मेघावी छात्र - छात्राओं, खिलाड़ियों, संगीतकारों, कलाकारों आदि सहित 151 समाजसेवियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

शिक्षा के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन

उधमपुर। विश्वकर्मा लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर, न्यू प्लॉट जम्मू की एक टीम ने बलवंत कटारिया की अगुआई में रामबन और उधमपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को अच्छी शिक्षा के बारे में जागरूक करने और दूरदराज के लोगों की दुर्दशा सुनने के लिए किया गया था। शिविर में करीब सौ परिवारों को कवर किया गया।

रामबन जिले के सना गांव में एक शिविर आयोजित किया गया, जो जम्मू से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। इस शिविर में 40 परिवार शामिल हुए। सना गांव के 7 किमी के दायरे में करीब 40 लोहार परिवार हैं और शायद ही कोई विश्वकर्मा लीडर वहां गया हो। उधमपुर जिले के सुधमहादेव गांव के शिविर में दस परिवारों को कवर किया गया और गांव माधा (कुद) में 45 परिवारों को कवर किया गया। लाइब्रेरी टीम ने छात्रों और परिवारों को कापियां,पत्रिकाएं और नए वर्ष के कैलेंडर वितरित किए। लाइब्रेरी टीम ने व्हाट्सएप ग्रुप के लिए छात्रों और अन्य लोगों के मोबाइल नंबर नोट किए व लोगों की शिकायतें भी सुनी गईं। इस अवसर पर खेम राज सलारिया (पंच) को गांव में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।

प्रतिभागियों से बात करते हुए शिक्षाविद बलवंत कटारिया ने बताया कि लाइब्रेरी पंक्ति में अंतिम व्यक्ति को छूना चाहता है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी ग्रामीण जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से बातचीत कर उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और गरीब छात्रों की हर संभव मदद करने की पेशकश की। इस अवसर पर टीम के साथ आए लाइब्रेरी सचिव ओम कटारिया ने अवगत कराया कि केंद्रीय ओबीसी प्रमाण पत्र के लिए आय सीमा लागू करते समय कर्मचारियों के वेतन पर विचार नहीं किया जाता है। यह केवल कुछ कर्मचारियों को पता है और वे केंद्रीय ओ.बी.सी. आरक्षण का लाभ नहीं ले रहे हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से इस तथ्य पर ध्यान देने और तदनुसार कार्रवाई करने की अपील की।

टीम से बातचीत करने वालों में मदन लाल (पूर्व पंचायत अध्यक्ष), विष्णु देवी, जोगिंदर कुमार, राज कुमार, सोमी राज लोहार, हरविंदर कुमार, सुखदेव सिंह वर्मा, अंकुश कुमार, रीना देवी शामिल थे। कुद में बातचीत करने वालों में पुरुषोत्तम चंद सलारिया, बलबीर चंद, सुषमा देवी, आयुषी चंद्रवंशी, आर्यन कुमार सलारिया, खेम राज (पंच), हितेश चंदर, निखिल सलारिया, और सुध महादेव के अशोक कुमार और सुभाष चंदर आदि शामिल थे। लाइब्रेरी टीम में अशोक गौतम और जोगिंदर अंगोत्रा भी शामिल थे।

हरीसन सुविधा स्कीम

कारपेंटर

भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का

टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795 Website: **www.harrisonlocks.com** | Find us on :

नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।

मैं Mr. आनंद
हरीसन (Service Provider)

बनो हरीसन का Mr. आनंद

और रहो हमेशा आनंद में

जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन® Suvidha Locks & Hardware Solutions के साथ और

पाओ अनेको उपहार

उपहार जितने की प्रक्रिया

- स्टेप 1 हरीसन सुविधा एप्प डाउनलोड करें और लॉग इन करें
- स्टेप 2 प्रोडक्ट पर लगे MPR स्टीकर को जमा करें हर एक MPR पर पॉइंट पाएं
- स्टेप 3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, उपहार जीते

चेयरमैन क्लब कारपेंटर

SMART LED TV WINNER

REFRIGERATOR WINNER

SMART PHONE WINNER

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
+91 9355015108

हरीसन सुविधा एप्प
डाउनलोड करने के लिए
क्यूआर कोड स्कैन करें

हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)

Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com

9355-015-108

R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: **info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com**
Call **09310142401** for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires

स्कैन करें
लाभ उठाएं।

हरीसन D_SG/ Print/ 01.01.2023 www.harrisonlocks.com NEWS_OF_DEC_2022

हरीसन कर रहा है लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन एवम प्रशिक्षण

कारपेंटर एप्लिकेशन हमारे द्वारा नए आवेदकों के पंजीकरण के लिए शुरू किया गया है - कारपेंटर और उनकी हर गतिविधि की रिकॉर्डिंग फल देने वाली है। कारपेंटर की हमारी टीम कई गुना बढ़ गई है। बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड में रखी जाती हैं।

कारपेंटर के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन उपलब्ध हैं, जिन्हें एप्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित और वितरित किया जाता है। प्रत्येक बैठक के दौरान सर्वोत्तम योगदानकर्ताओं को कुछ प्रकार के प्रोत्साहन वितरित किए जाते हैं, जो योजना के अनुसार नकद से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर आदि और कई अन्य हैं। कारपेंटर का प्रचार/ विज्ञापन कारपेंटर के मासिक समाचार पत्र में मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है, जो हर महीने की 10 तारीख को प्रकाशित होता है- और अन्य शहरों के अलावा दिल्ली में भी प्रसारित होता है। कृपया प्ले स्टोर पर उपलब्ध हमारे हरीसन सुविधा ऐप पर जाएं। बड़ी संख्या में कारपेंटरों ने हमारी हरीसन सुविधा योजना का लाभ उठाया है और **मोटर-साइकिल, टीवी/ फ्रिज/ वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी, स्मार्ट फोन सहित विभिन्न पुरस्कार जीते हैं, इसके अलावा 50,000 तक के नकद पुरस्कार भी जीते हैं।** हम अपने विभिन्न केंद्रों पर कौशल-विकास प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं, जिसमें **5-सितारा होटल, प्रदर्शनी हॉल,** वितरक के शो रूम और थोक विक्रेताओं/ डीलरों के स्थान शामिल हैं। कारपेंटर बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं और अत्यधिक पैमाने पर कौशल हासिल कर रहे हैं जिसके बारे में सोचा नहीं गया था। कारपेंटर का काम करने के इच्छुक अकुशल व्यक्ति भी हमारे अपने खर्चे पर कुशल हैं, यदि ऐसे व्यक्ति हमसे जुड़ना चाहते हैं।

उत्तराखंड खटीमा में हुआ कारपेंटर सम्मेलन :-

हरीसन ने 31 दिसंबर 2022 को खटीमा में कारपेंटर सम्मेलन का आयोजन किया। हरीसन ने इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित कारपेंटर को पुरस्कार वितरण कर कारपेंटरों का उत्साह बढाया|

1 अजीज खान - 4k रियलमी एलईडी टीवी - 43 इंच - कीमत 25,000/- 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

2 उस्मान - कीमत 17,500/- का सैमसंग रेफ्रिजरेटर। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

3 रजनीश - व्हर्लपूल वॉशिंग मशीन की कीमत 14500/- से श. 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

4 नईम - 9000/- का सैमसंग स्मार्ट फोन। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

5 सुनील कुमार - 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता। 3100 / - का नकद पुरस्कार।

6 इकबाल अंसारी- 2100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

7 प्रदीप 1100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

कारपेंटर का काम करने के इच्छुक 128 अकुशल कारीगर को बुनियादी गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर अपने खर्चे पर कुशल भी बनाया गया। हरीसन फर्नीचर उद्योग और अन्य सहायक उद्योगों के लिए प्रशिक्षित कारपेंटर की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सामाजिक सेवा कर रहा है- हरीसन सुविधा ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसमें हरीसन में दिन-प्रतिदिन बढ़ई से संबंधित गतिविधियों का हर समय का विवरण है। क्योंकि कारपेंटरों को दिए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दर्ज किए जाते हैं। कारपेंटर सम्मेलन भी नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और आवेदन में दर्ज की जाती हैं। अभी तक लगभग 51,000 कारपेंटर वर्तमान में हरीसन के साथ जुड़कर कुशल हो चुकें हैं।

कारपेंटरों ने लॉन्च की हरीसन मेन डोर लॉक

अलीगढ। हरीसन लॉक्स के नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की गई।

30 दिसम्बर को अलीगढ स्थित एक होटल में हरीसन ***"में हँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में उपस्थित फर्नीचर ठेकेदारों के बीच इस नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग की गई। पहले में भी हरीसन लॉक्स के कई उत्पादों की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की जा चुकी है। हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में शामिल कारपेंटरों में लक्की ड्रा निकाली गई। लक्की ड्रा विजेता जुल्फिकार अहमद को रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया।



रेफ्रिजरेटर विजेता

सेफ्टी डिवीज़न में **देश का भरोसेमंद ब्रांड हरीसन** झल्द ही शुरू करने जा रही है कारपेंटर्स के लिए क्यू आर स्कैनिंग फीचर जिसके तहत अब कारपेंटर्स आसानी से जीत सकते है अनेकों उपहार मात्र क्यू आर स्कैन करके | कारपेंटर्स को हरीसन के प्रोडक्ट के पैकिंग के ऊपर लगे क्यू आर को स्कैन करना है स्कैन करते ही पूंजीकृत कारपेंटर्स के प्रोफाइल आई डी पर पॉइंट अपने आप दर्ज हो जाएगा | यह सुविधा हरीसन ने कारपेंटर्स की सहूलियत के लिए किया है जिससे अब कारपेंटर्स को किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के पैकिंग की कट्टिंग रखने की आवश्यकता नहीं होगी | अब कारपेंटर्स मात्र क्यू आर स्कैन करके ही जीत सकते है अनेको उपहार|

बने विजेता
क्यू. आर.
मात्र क्यू. आर. स्कैन करके

हरीसन न्यू लॉन्च प्रोडक्ट

ऑल सेफ आयरन लॉक

हरीसन लांच कर रही है

नए प्रोडक्ट्स लगातार बार बार नए नए सुधार के साथ

ADVT

विश्वकर्मा समिति ने शुरू की सामाजिक एकता की पहल

"विश्वकर्मा स्नेह मिलन"
में आप स... का हार्दिक

मुंबई। विश्वकर्मा समाज में सामाजिक एकता व भाईचारा मजबूत बनाने के लिए 'समाज जोड़ो अभियान' की शुरूआत मकर संक्रांति के अवसर पर की गई। विश्वकर्मा समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था विश्वकर्मा समिति मुंबई की ओर से सांताक्रुज स्थित विश्वकर्मा समिति मुंबई हाल में आयोजित 'समाज जोड़ो अभियान' में मुंबई की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील राना व अधिवक्ता जे.पी. शर्मा की अगुवाई में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने सामाजिक एकता की पहल का स्वागत किया। विश्वकर्मा फॉउंडेशन के अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि हमें अगर सामाजिक विकास की दिशा में जाना है तो सामाजिक एकता को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना होगा। विश्वकर्मा विकास समिति के संस्थापक सदस्य हरिश्चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि पूर्व में हमारी संस्था की ओर से ऐसे प्रयास किये गए थे, जिसकी काफी प्रशंसा की गई थी। कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएसन के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि समय के साथ हमें आपसी कटुता भूलकर भाईचारा मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने होंगे।

विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि सामाजिक एकता के बिना हम सब आगे नहीं बढ़ नहीं सकते। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समिति समाज की धरोहर है, आने वाली पीढ़ी के लिए यह प्रेरणास्त्रोत बनें इस दिशा में हम सबको मिलकर काम करने होंगे। सुनील राना ने कहा कि समाज में व्यवसाइयों का सम्मान होना चाहिए। संस्था को आगे बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अधिवक्ता जे. पी. शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समिति मुंबई में सभी विवाद खत्म हो चुके है, अब समाज के सभी घटकों को लेकर हमें आगे बढ़ना होगा।

समारोह में विश्वकर्मा समिति मुंबई की स्थापना काल से संस्था की देख रेख करने वाले पूर्व संयुक्त मंत्री लल्लूराम विश्वकर्मा को प्रभार दायित्व से मुक्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व पदाधिकारी मेवालाल विश्वकर्मा, धनराज शर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, दिनेश शर्मा, चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा ने संस्था स्थापना काल के समय से उत्तरोत्तर विकास पर अपने विचार रखे। प्रो. एल. बी. शर्मा, गंगाराम विश्वकर्मा, लल्लन विश्वकर्मा, रमेश शिवी, सुभाष विश्वकर्मा आदि ने भी विचार रखे।

सामाजिक एकता से बनेगी राजनीतिक समीकरण

औरंगाबाद। देश के 7 वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वकर्मा काष्ट शिल्पी विकास समिति की बैठक कल्याणपुर बस्ती में मुखिया जयराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव शिवपूजन ठाकुर ने कहा कि लोहार बढ़ई की कुल आबादी का 98 प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं, जिनमें 96 प्रतिशत लोग मजदूर हैं। लोहा लकड़ी व्यवसाय का स्थान फाइबर लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के सभी रास्ते विधायिका से निकलती है। जिससे हम सब गोलबंद होकर राजनीतिक समीकरण का खेल बिगाड़ने में सफल हुए हैं। कम जनसंख्या के बावजूद अब यह समाज सत्ता में प्रवेश कर राजनीति संरक्षण और हक पा रहा है। बैठक का संचालन गुड्डू शर्मा ने किया। इस अवसर पर उमेश कुमार शर्मा,पत्रकार राजकुमार शर्मा, विनोद शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,संतोष शर्मा,वीरेंद्र शर्मा,दयाराम शर्मा, जीतेश शर्मा, सनी शर्मा, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

9 साल बाद वैष्णो देवी पहुंचे सबसे ज्यादा भक्त

कटड़ा। त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित वैष्णों देवी के दरबार में नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर 26000 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णोदेवी के दर्शन किए। साल 2022 के आखिरी सप्ताह तक 87 लाख श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं का यह आंकड़ा 9 साल में सर्वाधिक है। 2013 में 93.24 लाख, 2014 में 78.03 लाख, 2015 में 77.76 लाख, 2016 में 77.23 लाख. 2017 में 81.78 लाख, 2018 में 85.87 लाख, 2019 में 79.40 लाख यात्री वैष्णो देवी में पहुंचे थे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारी के अनुसार 6 दिसंबर तक वैष्णो देवी में 86.40 लाख श्रद्धालु माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर चुके थे। रोजाना औसतन 13 हजार तीर्थ यात्री भवन पहुंच रहे हैं।

श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

बाड़मेर। जांगिड़ समाज की ओर से 3 फरवरी को भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जांगिड़ पंचायत के सानिध्य में प्रत्येक रविवार को जांगिड़ समाज के बालक बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत नववर्ष के प्रथम दिन चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुई। प्रतियोगिता आयोजन प्रभारी अरविंद जांगिड़ ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन राय कॉलोनी रोड स्थित जांगिड़ पंचायत भवन में किया गया। विजेताओं को जयंती के मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

रामकथा के श्रवण से संवर जाता है मानव जीवन

मुंबई। श्री हरि भक्ति सत्संग समिति मुंबई की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन दादर (पश्चिम) गोखले रोड दक्षिण स्थित श्री विठ्ठल मंदिर परिसर में आयोजित की गई। पं.संजय मिश्र (रामायणी) के मुखारविंद से भक्तों को श्री राम कथा का अमृत पान कराया गया। श्री रामकथा के व्यासपीठ से पं. संजय मिश्र ने कहा कि सतयुग में तप से, त्रेता में यज्ञ से द्वापर में दान से जो फल मिलता है, कलियुग में केवल राम नाम स्मरण से ही उस फल की सहज प्राप्ति हो जाती है। राम नाम के जप से ही जीव की जन्म जन्मांतर की समस्त आधि-व्याधि दूर हो जाता है और प्रभु शरण गति की प्राप्ति हो जाती है।

पं.संजय मिश्र ने भजन कीर्तन व दोहों के जरिए प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि भारद्वाज ने याज्ञवल्क्य से पूछा कि प्रभो! मेरे संदेह का निवारण करें कि क्या वही राम है जिन्हें भगवान शिव जपते रहते हैं, इस कलिकाल में सत्संग ही एक ऐसा साधन है जो हमारे कष्टों का निवारण करता है। हरि चिन्तन करने से बड़े से बड़े भवबन्धन को पार किया जा सकता है। व्यास ने कहा जगत जननी माता जानकी का हरण रावण द्वारा कर लिया जाता है, राम विलाप करते हुए पेड़, पौधे पशु, पक्षी से पूछते हैं कि सीता को कहीं देखा है। इस तरह शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं। शबरी ने यथोचित सत्कार के पश्चात राम को सुग्रीव से मिलने की सलाह देती हैं, तत्पश्चात हनुमान ने भगवान और सुग्रीव का मिलन करवाया। दक्षिण दिशा में सीता की खोज के लिए गए जामवंत, हनुमान अंगद मुलाकात सम्पाती से होती है। सम्पाती अपनी दूरदृष्टी से देखकर बताते है कि माता सीता लंका में हैं। संगीतज्ञ रमेश पान्डेय व संदीप शुक्ल ने भजन गायन से उपस्थित भक्तों का मन मोह लिया। श्री राम कथा के अन्तिम दिन यज्ञ हवन का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष मायाशंकर मिश्र सहित दादर, प्रभादेवी, वरली आदि क्षेत्रों से आये भक्तों ने भी भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO® 7000

SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

अब
800 Gm
पाउच में उपलब्ध

EURO
7000
WP
2in1
WATERPROOF ADHESIVE

ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

ड्रम पैक	ऑफर
यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos	15 Rs. टोकन / पाउच अथवा कटर मशीन अथवा ड्रील मशीन

15 Rs/-
टोकन / पाउच

अथवा

Planet Power®
Global Expertise. Local Care
CUTTER
EC 4
Premium

Rated Input Power: 1200W
Rated Voltage: 220V~/240~
Rated Frequency: 50 Hz
Capacity: 110 mm
No-load Speed: 12,000 rpm
Net Weight: 2.8 kg
MRP: Rs. 3,257/-

अथवा

Planet Power®
Global Expertise. Local Care
IMPACT DRILL
New Hammer Drill 13 mm
EID 13
Premium

Rated Input Power: 750W
Rated Voltage: 220V~/240~
Rated Frequency: 50 Hz
Capacity: 13 mm
No-load Speed: 1,800 rpm
Net Weight: 2.1 kg
MRP: Rs. Rs. 3,657/-

JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED　www.euro7000.com

छत्तीसगढ़ सीएम ने नए साल पर मजदूरों को दी कई सौगातें

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मजदूर वर्ग के परिवारों के लिए नववर्ष का पहला दिन सौगातों की बरसात लेकर आया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों और उनके परिवारों की जिंदगी बदलने के लिए चार सौगातें दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि मजदूर के बच्चे मजदूर नहीं रहेंगे। अब गरीब श्रमिकों के बच्चे भी बड़ी जगहों पर जाने लगे हैं, श्रमिकों के बच्चे एयरफोर्स जैसी नौकरियों में जा रहे हैं और देश तथा राज्य की विभिन्न सेवाओं में भी चयनित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मजदूर के बच्चों को भी अपने सपने साकार करने हैं और उन्हें भी आसमान छूना है जिसके लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है।

भूपेश बघेल ने चौथी व पांचवी कक्षाओं के बच्चों को सैनिक स्कूल, नवोदय एवं अन्य निजी संस्थाओं में प्रवेश के लिए भी कोचिंग और प्रशिक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री आधारभूत शिक्षा प्रशिक्षण सहायता योजना शुरू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने श्रमिकों एवं उनके बच्चों को नई सौगातें देते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिकों हेतु संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता योजना की राशि को 10 से बढ़ाकर 20 हजार रुपए एक मुश्त देने की घोषणा की है। इसके साथ ही बघेल ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की है ताकि श्रमिकों के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी तैयारी कर सकें।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित मेधावी छात्र छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के नाम में परिवर्तन करते हुए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा योजना करने की घोषणा की। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री ने नवीन कोर्स जैसे इंजीनियरिंग, आईआईटी, बीटेक, ट्रिपल आईटी, एमटेक, एमबीबीएस इत्यादि की पढ़ाई सहित विदेशों में अध्ययन करने के लिए भी श्रमिकों के बच्चों को सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने इन सभी पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने के लिए श्रमिकों के बच्चों को प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, आवास एवं भोजन शुल्क में सहायता प्रदान करने के साथ ही प्रतिवर्ष स्टेशनरी के लिए भी दो हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है।

कारपेंटर के बेटे ने पास की सीए की परीक्षा

चूरू। अपनी मेहनत के दम पर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक सीए की परीक्षा चुरू के एक कारपेंटर के बेटे ने पास कर डाली। जिसके बाद उसे बधाई देने वालो का तांता लग गया। शहर के वार्ड 43 निवासी किशोर कुमार जागिड़ के पिता जहां महज 5 वीं पास हैं तो वहीं उनकी माता गृहणी और बड़ा भाई भी पिता की तरह मजदूरी कर जैसे-तैसे घर चलाता है। सीए की परीक्षा का परिणाम आया और जब परिजनों को पता चला कि उनका बेटा सीए बन गया तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। 25 वर्षीय किशोर देश की सबसे कठिन परीक्षाओ में से एक सीए की परीक्षा पास करने के लिए पिछले 5 वर्षों से तैयारी कर रहा था।

कारपेंटरों ने अलमारी से चुराए 5.72 लाख रुपए के जेवर

सूरत। डिंडोली क्षेत्र में एक कपड़ा कारोबारी के बंगले से 5.72 लाख रुपए के चोरी होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने चोरी का भेद उजागर कर पीड़ित के बंगले में फर्नीचर का काम करने वाले दो कारीगरों को गिरफ्तार कर लिया। कराड़वा रोड स्थित साईं विला रेजिडेंसी निवासी चंदनकुमार सिंह के बंगले पर पांच कारीगर फर्नीचर का काम कर रहे थे। इस बीच पीड़ित के परिजन गांव चले गए, लेकिन काम जारी होने के कारण चंदन कुमार यहीं ठहर गए। पांचों कारीगर प्रतिदिन अपना काम करते और निकल जाते थे। परिजनों ने सूरत लौटने के बाद अलमारी खोली तो उसमें रखे जेवर व मोबाइल गायब मिले।

चंदन कुमार ने डिंडोली पुलिस ने संपर्क किया। पुलिस ने मौके पर छानबीन की। बंगले में बाहर से चोरों के प्रवेश का कोई निशान नहीं था। पुलिस को फर्नीचर का काम करने वाले कारीगरों पर संदेह हुआ। पुलिस ने पांचों से पूछताछ की तो चोरी का भेद खुल गया। दो आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे कई दिनों से काम कर रहे थे। दोनों जब अंदर के कमरे में काम कर रहे थे, उस दौरान मौका देखकर अलमारी से जेवर व मोबाइल चुरा लिए थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अधिकांश जेवर बरामद कर लिए।

भोजन के तौर पर कीड़े इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा सिंगापुर

मुंबई। सिंगापुर फूड एजेंसी कीड़ों को इंसानी भोजन के तौर पर इस्तेमाल देने पर विचार कर रही है। इसके लिए एसएफए ने खाद्य व पशु उद्योगों से प्रतिक्रिया मांगी है। कीड़ों को खाने की मंजूरी दिए जाने के बाद झींगुर, गुबरैला, मधुमक्खी व पतंगे जैसे कीड़ों को भोजन के तौर पर इस्तेमाल हो सकेगा। एएफए इन कीड़ों को सीधे या प्रोटीन बार आदि में मिलाकर खाने की इजाजत देने पर विचार कर रहा है।

CESCO
SPECIAL OFFER
केवल कारपेंटर भाईओं के लिए
पाइए
₹10 और ₹15 का स्क्रैच कार्ड
1 kg, 2 kg और 2.5 kg पैक में
CESCO SUPER 1Kg
PREMIUM QUALITY
Google Pay
ISO 9001:2015
+91 9820352335

EURO 7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE
Featured with
Blazing Fast Dry Quality
900 Gm पाउच के अंदर 20 Rs का टोकन
Waterproof Adhesive
Anti-Termite Formula
Fast Drying Adhesive
2-3 Hours Handilng Strength
मजबूत जोड़
हमारे रिश्तों का...
Jyoti Resins & Adhesives Ltd.
www.euro7000.com

ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के मुंबई कार्यालय का उद्घाटन

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के नए कार्यालय का उद्घाटन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर उत्कर्ष पटेल ने किया। अंधेरी (पश्चिम) डी. एन. नगर स्थित लोटस लिंक स्कॉयर इमारत के 16 वें मंजिल पर बेहतरीन इंटीरियर से बने इस ऑफिस में मीटिंग के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग किया गया है। उद्घाटन के अवसर पर रीजनल सेल्स मैनेजर जयेश राय ठाठा व कंपनी के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

गुजरात के अहमदाबाद में ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव का उत्पादन करती है। आईएसओ प्रमाणित ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. प्रति महीने 1500 टन एडहेसिव का उत्पादन करती है। ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव को भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्रीज में बेहतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। मेसर्स ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के द्वारा निर्मित यूरो एडहेसिव की कई रेंज बाजार में उपलब्ध है। यूरो एडहेसिव का लोकप्रिय उत्पाद यूरो 7000, यूरो एक्स्ट्रा, यूरो डब्लू पी टू इन वन, यूरो एक्ट्रीम 3, यूरो टू इन वन, यूरो अल्ट्रा फाइव इन वन,यूरो पीवीसी ग्लू अपनी विशेषताओं के कारण एडहेसिव की दुनिया में काफी लोकप्रियता के साथ आगे बढ़ रहा है।

विश्वकर्मा समाज ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को याद किया

जम्मू। श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी, न्यू प्लॉट जम्मू की ओर से भारत के 7 वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर रमेश अंगोत्रा (संयोजक) की अध्यक्षता में भारतीय संविधान विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रोफेसर कालिदास बतौर मुख्य अतिथि व केवल फोत्रा और राजेंद्र सिका विशेष आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

ग्यारह छात्र वक्ताओं और पांच बड़े वक्ताओं ने भारतीय संविधान की महानता विषय पर विचार-विमर्श किया। संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। भारत के 7 वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज (बढ़ई) से थे, 25 दिसम्बर 1994 को उनका निधन हो गया था।

छात्र वक्ताओं ने अपने विचार-विमर्श में कहा कि हमारा संविधान ही समानता, बंधुत्व और भाईचारे पर आधारित आधुनिक सामाजिक व्यवस्था ला सकता है। डॉ. अंबेडकर हमारे संविधान में परिलक्षित होते हैं। नई पीढ़ी को इस महान सामाजिक राजनीतिक नेता द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया जाना चाहिए। उनका मत था कि संशोधन करते समय हमारे संविधान की मूल संरचना को बनाए रखा जाना चाहिए। तीन सर्वश्रेष्ठ छात्र वक्ताओं को नकद पुरस्कार दिए गए। कोट भलवाल की अनन्या वर्मा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित

किया गया और उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 500 रुपये से सम्मानित किया गया। बाहु फोर्ट की उर्वशी को 400 रुपये का दूसरा पुरस्कार और आर.एस पुरा की गौरवी महोत्रा को 300 रुपये का तीसरा पुरस्कार मिला। छात्र प्रतिभागियों में काशवी मल्होत्रा, सुनिधि, सुनैना सिका, शुवम वर्मा, जानवी करोत्रा, नंदिता, दिव्यांश धीमान, वंशिका धीमान आदि भी शामिल हुए।

कार्यवाही का संचालन करते हुए बलवंत कटारिया ने कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि हमारे संविधान ने हमारे देश को सच्चे लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के साथ एक मजबूत राष्ट्र बनाया है। प्रोफेसर कालिदास ने अपनी समापन टिप्पणी में कहा कि भारतीय संविधान में सभी प्रकार के विकास के लिए उत्कृष्ट प्रावधान हैं। आज हम शिक्षा, मानव संसाधन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और सामाजिक व्यवस्था के क्षेत्र में भारी प्रगति देख रहे हैं। धर्मनिरपेक्षता बढ़ी है और हमने गहरी जड़ों सहित लोकतंत्र हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन 25 दिसंबर 1927 को डॉ. भीमराव अंबेडकर ने प्रतीकात्मक रूप से मनुस्मृति को जलाया था, जो जातिवाद पर आधारित शासन के धार्मिक तरीके का वर्णन करने वाली पुस्तक है। रमेश अंगोत्रा (संयोजक) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजकों की टीम में ओम कटारिया, जोगिंदर अंगोत्रा, कुणाल अंगोत्रा शामिल थे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में मोहिंदर लाल, रजनी वर्मा, अवतार चंद वर्मा, मीनाक्षी धीमान, सतीश कोतवाल आदि रहे।

E3 PVC EDGE BAND TAPE

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
कारपेंटर भाइयों की पहली पसंद

भारत में निर्मित
रहे हमेशा नई जैसी
लगाने में आसान, कभी न उतरे
बचाए आपके फर्नीचर को पानी और दीमक से

1st INDIAN MANUFACTURER IN WORLD CLASS QUALITY

E3
elegant | everlasting | economical

☎ +91 70251 70251 | ✉ info@e3panels.com | www.e3panels.com
DEALERS ENQUIRY SOLICITED FOR PAN INDIA

जायका इंडिया का

गोभी पनीर पराठा

फूलगोभी और पनीर पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। गोभी पनीर से बना पराठा बेहतरीन स्वाद के साथ ही अच्छी सेहत भी दे सकता है। गोभी पनीर पराठा को ब्रेकफास्ट के अलावा लंच या डिनर में भी बनाया जा सकता है।

सामग्री – मैदा 2 कप, गेहूं आटा 2 कप, प्याज 1,टमाटर 2, फूलगोभी कद्दूकस 1 कप, पनीर कद्दूकस 3/4 कप, अजवाइन 1 टीस्पून, जीरा 1/2 टीस्पून, कसूरी मेथी 1 टीस्पून, हल्दी 1/2 टीस्पून, अदरक कद्दूकस 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर 1 टीस्पून, लहसुन 4-5 कलियां, बेसन 1 टी स्पून, हरा धनिया पत्ती 2 टेबल स्पून, हरी मिर्च 1-2,तेल, नमक

विधि – गोभी पनीर पराठा बनाने के लिए सबसे पहले फूलगोभी और पनीर को कद्दूकस कर लें। इसके बाद अदरक को बारीक काट लें या कद्दूकस करें। फिर प्याज, टमाटर, लहसुन, हरी मिर्च, हरा धनिया बारीक काट लें। अब कड़ाही में 1 चम्मच तेल डालकर उसे मध्यम आंच पर गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो उसमें जीरा, हरी मिर्च डाल दें। जब जीरा तड़कना शुरू कर दें तो इसमें कद्दूकस अदरक, लहसुन डालकर 1 मिनट तक भून लें। मसाले में बारीक कटा प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक भूनें और कटे टमाटर डालें, उन्हें नरम होने तक पकाएं। अब इसमें कद्दूकस फूलगोभी डालें और धीमी आंच पर 2 मिनट तक पकने दें। इसके बाद कद्दूकस पनीर डालें और कलछी से चलाते हुए भूनें। 1-2 मिनट तक पकने के बाद इसमें सारे सूखे मसाले डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर बेसन और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब सारे मिश्रण को 2-3 मिनट तक भूनें फिर कसूरी मेथी, हरा धनिया डाल दें। इसे 1 मिनट तक पकने के बाद गैस बंद कर दें। पराठे की स्टफिंग के लिए मसाला बनकर तैयार हो चुका है। अब एक मिक्सिंग बाउल में आटा और मैदा डालकर दोनों को मिक्स करें। इसमें अजवाइन, 2 चम्मच तेल और थोड़ा सा तेल डालकर मिलाएं। अब थोड़ा थोड़ा कर पानी डालते हुए आटा गूंथ लें और 10 मिनट के लिए अलग रख दें। तय समय के बाद दोबारा आटा एक बार गूंथे और उसकी लोइयां बना लें। इसके बाद एक नॉनस्टिक पैन मीडियम आंच पर गर्म करने के लिए रख दें। इस दौरान एक लोई लेकर बेलें। इसके बीच में स्टफिंग रखें और फिर चारों ओर से मुंह बंद कर इसका पराठा बेल लें। पराठे को तवे पर डालकर सेकें। इसके ऊपर की ओर तेल लगाने के बाद पलट दें और फिर दूसरी तरफ तेल लगाकर सेकें। पराठे को दोनों ओर से तब तक सेकना है जब तक कि ये सुनहरा होकर क्रिस्पी न हो जाए। इसके बाद पराठे को एक प्लेट में उतार लें। इसी तरह सारे मसाले से एक-एक कर गोभी पनीर के पराठे तैयार कर लें। नाश्ते के लिए स्वादिष्ट गोभी पनीर पराठा बनकर तैयार हो चुका है। इसे हरी चटनी, टमाटर सॉस या दही के साथ सर्व करें।

स्वास्थ्य

बाजरे की रोटी खाने के सेहतमंद फायदे

बाजरा शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सर्दियों के मौसम में बाजरे की रोटी और सरसों का साग का स्वाद लेते हुए आपने जरूर देखा होगा। बाजरा में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और फोलेट आदि पाए जाते हैं, इसके अलावा इसमें आयरन, जिंक, विटामिन बी3, विटामिन बी6 और विटामिन बी9 प्रचुर मात्रा में होता है। इसको खाने से पाचन तंत्र मजबूत होने के साथ वजन कम करने में भी मदद मिलती है। इसे डायबिटीज मरीज भी आसानी से खा सकते हैं। बाजरे की रोटी पर मक्खन लगाकर खाने से इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। सर्दियों में बाजरे की रोटी खाने से शरीर गर्म रहता है और मौसमी बीमारियों से भी शरीर का बचाव होता है। बाजरा खाने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

डायबिटीज – डायबिटीज के मरीज को बाजरे की रोटी का सेवन जरूर करना चाहिए। बाजरे के आटे में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। जिस कारण डायबिटीज के रोगी इसे आसानी से खा सकते हैं। बाजरे की रोटी खाने से डायबिटीज कंट्रोल रखने में मदद मिलती है।

स्किन – इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व स्किन की झुर्रियों को कम करते हैं और चेहरे पर चमक लाने का काम करते हैं। यह स्किन में कसावट पैदा करता है। इसके नियमित सेवन करने से एजिंग साइन से भी बचा जा सकता है।

हार्ट अटैक – बाजरे में मैग्नीशियम होता है जो दिल के लिए अच्छा होता है। आजकल बहुत कम उम्र में लोग दिल से जुड़े रोगों की चपेट में आ जा रहे हैं। ऐसे में इसका सेवन करते हैं तो सर्दियों में तो हार्ट अटैक के जोखिम से बच जाएंगे।

कब्ज – बाजरे में फाइबर की भी मात्रा होती है जो कब्ज से छुटकारा दिलाती है। इस लिहाज से बाजरे को रोटी का सेवन करना शुरू कर देना चाहिए।

हाइपरटेंशन – हाइपरटेंशन रोगियों को भी बाजरे का सेवन शुरू कर देना चाहिए। इसमें मैग्नीशियम पाया जाता है जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने का काम करते हैं। जिनके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है उन्हें भी इसका सेवन करना शुरू कर देना चाहिए।

OZONE FOR A SAFER WORLD | किचन और फर्निचर फिटिंग्स

इंडिया के किचन्स को वर्ल्ड–क्लास बना रहा ओज़ोन



बदलते दौर में घर की परिभाषा भी बदल रही है। सुंदर, सुविधाजनक, कम से कम स्पेस में अधिक से अधिक सुविधा की चाह ने हर घर को नया स्वरूप दिया है। इसीलिए लोगों को चाहिए व्यवस्थित, सरल, और आरामदायक किचन। मॉड्यूलर किचन न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि ऐसे किचन में स्टोरेज कैपिसिटी भी ज्यादा होती है। और ऐसी स्टोरेज के परफेक्ट सोलूशन्स देता है ओज़ोन, अपनी किचन हार्डवेयर और फिटिंग्स रेंज के साथ।

क्या बनाता है ओज़ोन को वर्ल्ड फेमस?

ओज़ोन हार्डवेयर फिटिंग एण्ड सॉल्यूशन का प्रतिष्ठित मैन्युफैक्चरर है। ओज़ोन के प्रत्येक प्रोडक्ट्स हाई–क्वालिटी और इनोवेशन के मानकों पर खरा उतरते हैं, साथ ही कस्टमर्स की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक डिज़ाइन भी उपलब्ध करवाते हैं। चाहे बात फर्नीचर, डिजिटल लॉक्स, ग्लास फिटिंग्स, दरवाज़े और रेलिंग्स की हो या किचन फिटिंग्स रेंज की, ओज़ोन के सारे प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं।





ओज़ोन की वायर बास्केट्स रेंज

ओज़ोन किचन सॉल्यूशन रेंज के अंतर्गत वायर बास्केट्स भी उपलब्ध हैं, जो काम, दाम और क्लास तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हैं।

ओज़ोन की अलग–अलग साइज़ में उपलब्ध बास्केट्स को किसी भी किचन कैबिनेट में लगाना बहुत आसान है। 450 से लेकर 600mm तक की चौड़ाई वाली बास्केट्स हर छोटे–बड़े स्टोरेज के लिए पर्याप्त है।

वायर बास्केट्स सीरीज़ के अंतर्गत आप 100–150–200mm ऊँची और 500mm एवं 550mm गहरी बास्केट्स को अपने किचन के लिए चुन सकते हैं।

ओज़ोन वायर बास्केट्स की विस्तृत रेंज

आपके किचन की हर ज़रूरत को पूरा करती है ओज़ोन वायर बास्केट रेंज।

- प्लेन बास्केट
- इन–बिल्ट इंसर्ट्स के साथ
- बास्केट के इंसर्ट्स
- स्पेशल सोल्युशन बास्केट
- बॉटल पुल्लआउट सिस्टम
- किचन ऑर्गनाइज़र

ओज़ोन वायर बास्केट्स के अनोखे फीचर्स

पूरी रेंज स्टेनलेस स्टील से बनी
ऊपर कॉपर–क्रोम की प्लेटिंग
15 साल की वारंटी
जंग लगने का कोई चांस ही नहीं
बास्केट्स स्लाइड इंस्टालेशन के लिए साइड ब्रैकेट्स उपलब्ध
आवाज़ ना करने वाली ड्रॉर फिटिंग्स

ओज़ोन बास्केट्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे हेल्पलाईन नं. पे कॉल करें, किचन सॉल्यूशन से अपनी लाइफ ईज़ी बनाइए।

www.ozone-india.com ☎ 09310012300

दर्शकों को उदिता गोस्वामी का इंतजार

उदिता गोस्वामी ने 2003 में फिल्म पाप से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आई थी। पहली फिल्म से ही उदिता की खूबसूरती ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। उनकी आंखें लोगों को काफी पसंद आई थी। इसके बाद फिल्म जहर में उनका बोल्ड अवतार देखने को मिला। इमरान हाशमी और उदिता की जोड़ी फैंस को खूब पसंद आई। इसके बाद दोनों ने फिल्म अकसर में भी साथ में काम किया। कुछ फिल्में करने के बाद उदिता गोस्वामी ने फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली। लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वह आज भी फैंस से जुड़ी हैं।

सोशल मीडिया पर उनके लाखों फॉलोवर्स हैं। जिनके लिए वह अक्सर तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उदिता ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। अब बेशक वह फिल्मों में नजर ना आती हो, लेकिन उनकी खूबसूरती में कोई कमी नहीं आई है। वह आज भी उतनी ही ग्लैमरस दिखती हैं। अपनी पहली फिल्म के वक्त उदिता महज 19 साल की थी। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। किससे प्यार करूं उनकी आखिरी फिल्म थी, जो साल 2009 में आई थी। इसके बाद उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड फिल्ममेकर मोहित सूरी से साल 2013 में शादी की थी। दोनों के 2 बच्चे हैं। वह अपने परिवार में व्यस्त हैं, लेकिन फैंस उनके कमबैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दर्शकों ने वेड को सराहा

MUMBAI FILM COMPANY PRESENTS
वेड
DIRECTED BY
RITEISH VILASRAO DESHMUKH
PRODUCED BY

हॉलीवुड फिल्म 'अवतार द वे ऑफ वॉटर' ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। निर्माता, निर्देशक जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने रिलीज के तीन हफ्तों में ही दुनिया भर में डेढ़ अरब डॉलर (12800 करोड़ रुपये) से ज्यादा का कारोबार दुनिया भर में कर चुकी है। ये कमाई तीन साल पहले रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' की 372.22 करोड़ रुपये की कमाई से आगे निकल गई है।

इस बीच बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म वेड दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। इस मराठी फिल्म में रितेश का अभिनय काफी दमदार बताया जा रहा है। यह फिल्म बाक्स आफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म वेड ने शुरुआती हफ्ते में शानदार कमाई करके चौंका दिया है। फिल्म ने पहले हफ्ते में तकरीबन 10 करोड़ की कमाई की है। किसी मराठी फिल्म के कमाई का इस तरह का आंकड़ा मायने रखता है।

पिछले दिनों अभिनेता कमल हासन ने बालीवुड की फिल्में बनाने वाले लोगों को बड़ी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी फिल्में देखने से पहले लोगों को देश में बने हिंदी और बंगाली सिनेमा को देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदी सिनेमा में बहुत से ऐसे लोग हैं जिनसे उन्हें प्रेरणा मिली है मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं।

फैंस को पसंद आया मोनालिसा का अंदाज

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें ब्लैक कलर की ब्रालेट पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। खास बात यह है कि उनके बाल खुले हुए हैं। इसके साथ उन्होंने एक चैन भी पहन रखी है। मोनालिसा ने तस्वीर बिना मेकअप के शेयर की है। इसके साथ उन्होंने दो ताश के पत्तों की इमोजी शेयर की है। मोनालिसा की तस्वीर इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 1 घंटे में 72000 से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं तस्वीरों पर सोलह सौ के लगभग कमेंट किए गए हैं। कई लोगों ने उनके फिगर की भी सराहना की है। मोनालिसा का अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। मोनालिसा भोजपुरी एक्ट्रेस है। उन्होंने भोजपुरी की कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की गई हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है। वह अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। इसे लेकर भी फैंस काफी उत्साहित रहते हैं।

पलोमा की खूबसूरती देख फैंस कायल

अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज भी फैंस के दिलों पर राज करती हैं। उन्हीं की तरह उनकी बेटी पलोमा ढिल्लों भी खूबसूरत है। पूनम ढिल्लों और उनकी बेटी, दोनों ही सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं।

पलोमा का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी तमाम ग्लैमरस तस्वीरों से भरा हुआ है। इसमें कुछ तस्वीरें उनकी वैकेशन की हैं तो कुछ जिम में वर्कआउट करते समय की। लेकिन मिरर फोटो ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है, जिसमें पलोमा ने व्हाइट शर्ट पहनी है और उसके बटन खोले हुए हैं। वह स्टाइल में पोज दे रही हैं और कोई उनकी फोटो क्लिक कर रहा है। इस तस्वीर पर उनके भाई अनमोल ठकेरिया ढिल्लों का कमेंट भी आया है।

पूनम ढिल्लों के दो बच्चे हैं, एक पलोमा ढिल्लों और दूसरा बेटा अनमोल ढिल्लों है। उन्होंने साल 1978 में फिल्म त्रिशूल, काला पत्थर, नूरी जैसी सुपरहिट फिल्में की। इसके बाद उन्होंने 1988 में फिल्म प्रोड्यूसर अशोक ठकेरिया से शादी कर ली और 1997 में दोनों ने तलाक ले लिया।

छोटे-मोटे रोल से नवाजुद्दीन ने की तौबा

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। वह अपनी एक्टिंग के दम पर लाखों दिलों पर राज करते हैं। वह हर तरह के रोल में खुद को आसानी से ढाल लेते हैं। अपने 24 सालों के करियर में नवाज ने छोटे छोटे किरदारों के साथ ही शुरुआत की। कुछ फिल्मों में तो वो महज एक या दो मिनट के लिए दिखे।

अब हाल ही में एक्टर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा है कि वो अब कभी भी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल नहीं करेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें कितने भी पैसे मिलें। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में अपने करियर में मैंने कई फिल्मों में काम किया है, जहां मैंने छोटे रोल्स भी किए हैं। लेकिन अब तो आप मुझे 25 करोड़ भी देंगे तब भी मैं छोटा रोल नहीं करूंगा। मुझे लगता है कि पैसा और शोहरत आपके काम का हिस्सा हैं। अगर आप सिर्फ अपना काम अच्छे से करते हैं तो पैसा और शोहरत आपके पीछे भागेंगे।

मिस्ट्री मैन के साथ नजर आईं सारा अली खान

सारा अली खान इन दिनों लंदन में छुट्टियां बिता रही हैं। सारा वहां से कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इनमें से सारा ने एक ऐसी तस्वीर शेयर की है जिसे देखकर फैंस हैरान-परेशान हो गए। दरअसल सारा की एक तस्वीर में हुडी पहने एक लड़का खड़ा है, जिसका चेहरा नहीं दिख रहा है। अब लोग कयास लगा रहे हैं कि ये लड़का कौन हो सकता है।

सारा ने पोस्ट के साथ एक कविता शेयर की है जो उन्होंने खुद बनाई है। लास्ट स्लाइड में सारा के साथ एक लड़का नजर आ रहा है। कोई उस लड़के को कार्तिक आर्यन बता रहा है तो कोई कह रहा ये शुभमन गिल है। वहीं ध्यान से देखने पर लग रहा है कि ये कार्तिक या शुभमन नहीं बल्कि सारा अली खान का भाई इब्राहिम अली खान है। सारा अक्सर अपने भाई के साथ छुट्टियां मनाने जाती रहती हैं।

सारा अली खान ने कॉफी विद करण में कहा था कि उन्हें कार्तिक आर्यन पर क्रश है। उसके बाद दोनों इम्तियाज़ अली की फिल्म लव आज कल में नजर आएं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। बाद में दोनों के अफेयर और फिर ब्रेकअप की खबरें आईं। इस बार कॉफी विद करण में सारा अली खान ने विजय देवरकोंडा को अपना क्रश बताया था।

OZONE® FOR A SAFER WORLD | किचन और फर्निचर फिटिंग्स

किफायती दाम और बेहतरीन काम

ओज़ोन वायर बास्केट्स

स्टेनलेस स्टील

सॉफ्ट क्लोजिंग

आसान इंस्टॉलेशन

15 साल तक की वारंटी*

*नियम व शर्तें लागू

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें ✆ 09310012300